प्रेस नोट दिनाँक-18.03.2023

(1). आज दिनाँक-18.03.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु, क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया । पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

(2). आज दिनांक 18.03.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के कुशल निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान "मिशन शक्ति" के तहत जनपद के विभिन्न थानों की एण्टी रोमियो टीमों ने विभिन्न मन्दिरों, बाजार, स्कूलों, बस स्टैण्ड, ग्रामों इत्यादि स्थानों पर भ्रमण कर चेकिंग की गयी एवं छात्राओं/महिलाओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्न, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को।जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गए एवं सार्वजनिक स्थानों एवं चस्पा किये गए।

(3). पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में वांछित/वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री दीपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राधेश्याम सिंह तथा उनकी टीम द्वारा मु0सँ0 165/2014 धारा 279/337/338/304ए भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त छोटेलाल पुत्र भूरा सिंह निवासी लोढ़वारा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. उ0नि0 श्री राधेश्याम सिंह थाना कोतवाली कर्वी
2. आरक्षी रोहित यादव

(4). आज दिनाँक-18.03.2023 को कमिश्नर चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री राजेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक परीक्षेत्र चित्रकूट धाम बांदा डॉ विपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में अपर जिलाधिकारी चित्रकूट श्री कुंवर बहादुर सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में तहसील कर्वी सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। महोदय द्वारा आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिये गये, भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भो में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिये गये।
सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी सदर श्री राज बहादुर सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री हर्ष पांडेय, निरीक्षक अपराध कोतवाली कर्वी श्री प्रभुनाथ यादव राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(5). आज दिनाँक-18.03.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में नवरात्रि एवं रमजान के दृष्टिगत थाना मऊ में उपजिलाधिकारी मऊ श्री नवदीप शुक्ला एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी मऊ श्री राजकमल की अध्यक्षता में अतिरिक्त निरीक्षक थाना मऊ श्री अभय राज सिंह की उपस्थिति में थाना क्षेत्र के धर्मगुरु, पीस कमेटी के सदस्य एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया।